हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026/26, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

विश्राम गृह

1739 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में जल शक्ति विभाग के अंतर्गत कितने विश्राम गृह/ निरीक्षण कुटीर कहां-कहां पर स्थित हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रत्येक विश्राम गृह/ निरीक्षण कुटीर की बुकिंग कितने प्रतिशत रही; माहवार ब्यौरा दें;

(ग) इस अवधि के दौरान प्रत्येक विश्राम गृह/ निरीक्षण कुटीर से कितनी आय हुई व इसकी एवज़ में कितना व्यय किया गया; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार इन विश्राम गृहों/ निरीक्षण कुटीरों को निजी क्षेत्र में चलाने पर विचार कर रही है; यदि हां, तो कारण?

मंदिरों को धनराशि

1750 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश सरकार के अधीन आने वाले मन्दिरों को कब व कितनी धनराशि जारी की गई; मन्दिरवार व तिथि सहित धनराशि का ब्यौरा दें?

आउटसोर्स

1786 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जनगणना से संबंधित कार्यों हेतु जिला हमीरपुर में कुछ कर्मियों की नियुक्ति आउटसोर्स आधार पर की गई है; यदि हां, तो यह भर्ती किस एजेंसी के माध्यम से की गई; विज्ञापन की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) इस भर्ती में कितने उम्मीदवारों ने भाग लिया; चयनित उम्मीदवारों की सूची, नाम, शैक्षणिक योग्यता तथा आवासीय पते सहित ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

12 नवम्बर, 2026. **सचिव**